मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-544
**03/12/2022**

# मुख्यमंत्री ने असम के कछार जिला में चिमनी ब्लास्ट में बिहार के दो मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये अनुदान देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

पटना, 03 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने असम के कछार जिला में चिमनी ब्लास्ट में बिहार के खगड़िया जिले के बछौता गांव के रहनेवाले दो मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है।

मुख्यमंत्री ने चिमनी ब्लास्ट में हुये हादसे में बिहार के दो मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि असम सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतक के पार्थिव शरीर को उनके गॉव तक पहुॅचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******